कार्यक्रम — संविधान दिवस के अवसर पर शहर में हुए विविध आयोजन

# संविधान की भावना को जीवन में उतारने का दिया संदेश



**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर शहर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के विधि विभाग में न्यायमूर्ति एच.पी. सिंह (सेवानिवृत्त), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश के मुख्य आतिथ्य एवं कुलगुरु प्रो. राजेश वर्मा की अध्यक्षता, कुलसचिव डॉ आर.के बघेल एवं विभागाध्यक्ष प्रो. ममता राव की विशेष उपस्थित में संविधान दिवस समारोह का आयोजन किया गया। न्यायमूर्ति एच.पी. सिंह ने छात्रों को संविधान की भावना को जीवन में उतारने का संदेश दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. वर्मा ने संविधान को विश्व के सर्वश्रेष्ठ और सबसे विस्तृत विधि-दस्तावेज़ों में से एक बताया और कहा अधिकार एवं कर्त्तव्य एक दूसरे के पूरक हैं। इस अवसर पर विभाग के समस्त कर्मचारी गण, शोधर्थिगण एवम समस्त छात्र-छात्राये उपस्थित रहे। सभागार में उपस्थित सभी के द्वारा भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया।

### महिलाओं-छात्राओं की जागरूकता रैली

संविधान दिवस के अवसर पर नागरिक अधिकार मंच के संयोजन में महिलाओं व छात्राओं की अगुवाई में जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव विवेक अवस्थी ने संबोधित करते हुए आम आदमी के अधिकारों और संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन का संयोजन शिव चौधरी द्वारा किया गया।

### पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में संविधान दिवस

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में संविधान दिवस का आयोजन कुलगुरू डॉ. मनदीप शर्मा एवं अधिष्ठाता डॉ. गिरधारी दास के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विपिन बिहारी ब्योहार एवं अध्यक्ष डॉ. गिरधारी दास उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत लघु नाटक रहा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. सचिन कुमार जैन थे। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### जनेकृविवि में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा और कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन ने भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया इस अवसर पर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस

भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर माननीय कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा के निर्देशानुसार मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन डॉ एस घोष के मार्गदर्शन में किया गया ।कार्यक्रम के दौरान संविधान, रक्तदान तथा स्वच्छता पर आधारित प्रश्नोत्तरी, भाषण जैसी गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ माधुरी शर्मा, डॉ सोना दुबे ,शिवमोहन सिंह, एवं महाविद्यालय के स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### भारत रत्न डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



76 वें संविधान दिवस पर रादुविवि में अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों सुखदीन कटारे अजय झारिया, अनिल धनगर ने आयोजन कर बाबा साहब डा. भीमराव जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण पश्चात संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया।

### पश्चिम मध्य रेल में मनाया गया संविधान दिवस



पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय जबलपुर सहित इसके तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा मे संविधान दिवस मनाया गया। मुख्यालय परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में पश्चिम मध्य रेल की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने रेल कर्मियों एवं अधिकारीयों को संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं रेलकर्मियों ने संविधान की उद्देशिका को दोहराते हुए भारतीय संविधान के प्रति अपनी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### भारत का संविधान ही भारत की आत्मा



दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में हमारा देश भारत है और हमें सबसे बड़े लोकतंत्र की शक्ति हमारे संविधान ने दी है, भारत का संविधान ही भारत की आत्मा है। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने संविधान दिवस के अवसर पर भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित संगोष्ठी में कहीं। कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने भारत के संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया, कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पंकज दुबे एवं आभार रजनीश यादव ने किया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ,पंकज दुबे, संदीप जैन, रजनीश यादव, राजेश मिश्रा, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, राघवेन्द्र लालू यादव, कुंडल राव, कैलाश साहू, सोनू बचवानी सहित अन्य नेता मौजूद रहे।

### संविधान दिवस पर प्रस्तावना का हुआ सामूहिक वाचन



मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा की अगुवाई में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर रामबदन मिश्रा, सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित थे।

एक नजर में

### विवाह गीतों से गूंज उठा मंदिर परिसर,झूमे भक्त



**नवभारत,जबलपुर।** पाटन रोड स्थित जनकपुरी प्रीमियम टाउनशिप में श्री जानकी वल्लभ मंदिर में प्रभु श्रीराम और माता जानकी का विवाह पंचमी के अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर गया। मंदिर प्रांगण में महिलाओं और श्रद्धालुओं की टोली के द्वारा वैवाहिक गीत गाए गए। इसी बीच संगीतमय सुंदर कांड का आयोजन हुआ। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। बारात में बड़ी संख्या में भक्त जय श्री राम के नारे लगा रहे थे। इसके साथ ही बैंड-बाजे, विद्युत सजावट सहित बारात में आतिशबाजी भी की गई। जिसके बाद प्रसाद वितरण भी किया गया।



### श्रीमद् भागवत कथा में हुआ रुक्मणी विवाह

**नवभारत,जबलपुर।** कामाक्षी परिसर, गोपाल विहार गोपाल सदन के पास, दमोह नाका में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को रुक्मणी विवाह धूमधाम के साथ हुआ, जिसमें निकली बारात ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कथा व्यास पं. कामता महाराज द्वारा कथा का सजीव प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य यजमान कान्ति-महेशचंद एवं कामाक्षी परिसर निवासी ज्योति, विनीता-प्रभात, शोभिता-अनूप, रानू-आदित्य, राजेश्वरी, ऋषभश्रेय, श्रीधर, अथर्व, अदिति, शांतम, शोभित, सात्विक, सिमरन और कियारा सहित अनेक धर्मानुरागी नागरिक उपस्थित रहे।



### श्रीराम जानकी विवाहोत्सव पर सुंदरकांड पाठ

**नवभारत, जबलपुर।** मानस संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में श्री राम सीता विवाह पंचमी एवं श्री राम मंदिर अयोध्या में ध्वजारोहण दिवस को बड़ी ही भव्यता एवं धूमधाम के साथ विनोद सराफ के निवास,सरस्वती कॉलोनी में मनाया गया। सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ हुआ एवं श्री सीताराम विवाह के बधाई गीत, भजन आदि भी भक्तों ने गाये। इस अवसर पर द्वारका नेमा, देवेंद्र नेमा, प्रदीप नेमा, प्रवीण नेमा, डॉ सत्येंद्र नेमा, इंजी पं वरुण तिवारी, इंजी हर्षित सोनी, अभिषेक यादव, हिमांशु रजक, स्वराज सराफ आदि उपस्थित रहे।

### इमानी दंगल में जबलपुर, कटनी के पहलवानों का वर्चस्व

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया खमरिया में स्व. कृपाराम यादव की स्मृती में गरीबदास उस्ताद दीनानाथ खलीफा जय बजरंग व्यायाम शाला के तत्वाधान में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन किया गया। दंगल के प्रारंभ में शक्ति ईष्ट श्री हनुमान जी का पूजन संचालक सुरेश यादव एवं नेमचंद यादव निम्मा खालीफा, कॉर्पोरेशन कुश्ती संघ के अध्यक्ष रामदत्त शुक्ला, पूर्व जनपद सदस्य राकेश जरेला, जिला कुश्ती संघ के सचिव राजेश राजपूत, ने सभी गणमान्य खलीफाओं के साथ किया। इस विशाल ईनामी दंगल में जबलपुर, यू.पी., कटनी, पनागर के पहलवानों ने कला का प्रदर्शन करते हुए विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। इस आयोजन के सभी विजेता पहलवानों को शील्ड, ट्रॉफी व नगद राशि देकर मुख्य अतिथि हर्ष तिवारी जिला अध्यक्ष, रज्जन उर्फ रब्बू यादव, पार्षद श्रीमति रजनी, सुरेन्द्र साहु ने सम्मानीत किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील पटेल खलीफा ने किया। इस आयोजन के सूत्रधार निम्मा खलीफा का जगदीश पह. पनागर केशरी रमेश पह. मुकेश दाहिया, गिरवर खलीफा, अशोक पह., देवी खलीफा, मुन्ना खलीफा ने अविस्मरणीय वृहत्त ट्राफी, शॉल, श्रीफल से सम्मान किया। दंगल को सफल बनाने में संतोष पह., अज्जू पह. आशीष पह, वीरू पह., शेरू पह., आनंद पह., जीतू पह.. शंकर पह., दालचंद पह., सुखदेव पह., बाबू पह., पप्पू पह. ने योगदान दिया।

## विधि विधानपूर्वक हुआ गजरथ पात्रों का चयन



### दयोदय तीर्थ में पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारी जारी

**नवभारत, जबलपुर।** दयोदय तीर्थ (गौशाला) परिसर में नवनिर्मित जैन मंदिर के श्री 1008 मज्जिनेंद्र पंचकल्याणक चौबीसी जिनबिम्ब प्रतिष्ठा, सप्त-रथ महोत्सव एवं विश्व-शांति कामना महायज्ञ - 2025 के पावन अवसर हेतु गजरथ महोत्सव के पात्रों का चयन विधि-विधानपूर्वक सम्पन्न हुआ। यह भव्य आयोजन 30 नवम्बर से 7 दिसम्बर 2025 तक दद्दा ग्राउण्ड, पिसनहारी तीर्थ के सम्मुख आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित होगा। धर्मसभा का शुभारंभ सारिका सिंघई के मंगलाचरण से हुआ। आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के तैलचित्र के समक्ष दयोदय तीर्थ के न्यासीगण—अरविंद, कमलेश कक्का, सन्देश जैन (एडवोकेट), सतीश नेता, नीलेश जैन, धन्यकुमार, मनीष गमछा एवं कमलेश दलाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्य श्री समय सागर महाराज के पावन सान्निध्य में गजरथ महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन घोषित हुआ।

### देवगण भी इस दिव्य आयोजन के साक्षी बनते हैं

अपने उद्बोधन में आचार्य श्री ने पंचकल्याणक के आध्यात्मिक महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि गर्भ से मोक्ष तक के कल्याणक आत्मा को स्व-उत्कर्ष की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि देवगण भी इस दिव्य आयोजन के साक्षी बनते हैं। चयनित पात्रों को उन्होंने मंगलाशीष प्रदान किए। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन पंचायत सभा के अध्यक्ष कैलाश चन्द जैन, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील मंगलाहाट, दिनेश चौधरी, सुबोध कामरेड, राकेश चौधरी, राजू साइकिल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। संचालन अमित पड़रिया एवं अजय अहिंसा (एडवोकेट) ने किया।



### वक्फ संपत्तियों के अपडेट के लिए सहायता शिविर आयोजित

**नवभारत,जबलपुर।** वक्फ संपत्तियों को 4 दिसम्बर 2025 तक उम्मीद पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज कराने के निर्देशों के तहत मुस्लिम लीगल एड एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा ईदगाह कला, रानीताल में विशेष सहायता शिविर आयोजित किया गया। मुफ्ती-ए-आजम मौलाना मुशाहिद रजा सिद्दीकी की सरपरस्ती में हुए इस शिविर में शहर और आसपास की पचास से अधिक वक्फ समितियों ने पंजीयन कराया। सोसाइटी के अध्यक्ष शबाब खान और उपाध्यक्ष रिज़वान ने बताया कि कई समितियाँ जानकारी व तकनीकी परेशानी के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रही थीं। पोर्टल सर्वर डाउन रहने के बावजूद रिकॉर्ड अपडेट कराने में आवश्यक सहयोग दिया गया। दस्तावेज़ अधूरे होने पर भी सोसाइटी द्वारा मदद उपलब्ध कराई गई ।शिविर में फिरोज़ अंसारी, सादिक क़ादरी, एम.एच. मंसूरी, शमीम खान, मासूम खान सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सोसाइटी ने जल्द ही एकत्र विवरण पोर्टल पर अपडेट करने की बात कही।

### निधि आपके निकट, सुविधा समागम शिविर आज

**नवभारत, जबलपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर और कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा सदस्यों की समस्याओं के समाधान हेतु निधि आपके निकट 2.0 एवं सुविधा समागम शिविर का आयोजन आज 27 नवंबर को जबलपुर के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के सभी 19 जिलों में किया जाएगा। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने बताया कि शिविरों में पेंशनरों के लिए पेंशन हेल्प डेस्क स्थापित रहेंगी तथा प्रयास एवं सामान्य पीपीओ का वितरण भी किया जाएगा। शिविर सतना, शहडोल, कटनी, सिंगरौली, छिंदवाड़ा, रीवा, उमरिया, मंडला, डिंडौरी, नरसिंहपुर, अनूपपुर, बालाघाट, सिवनी, सीधी, पन्ना, पांढुर्णा, मऊगंज और मैहर में जिला प्रशासन के सहयोग से कलेक्ट्रेट परिसर या निर्धारित संस्थानों में आयोजित होंगे।
शिविरों में प्रवर्तन अधिकारी, लेखा अधिकारी और अन्य विभागीय टीमें सदस्यों की शिकायतें दर्ज कर उनका निराकरण करेंगी। आयुक्त सहरावत ने बताया कि ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाने और समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु यह संयुक्त पहल की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सदस्य एवं नियोक्ता अपने निकटतम शिविर में पहुँचकर इसका लाभ उठाएँगे, जिससे उन्हें जबलपुर आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### नृत्यांजलि कला अकादमी का कला उत्सव कल

**नवभारत,जबलपुर।** नृत्यांजलि कला अकादमी के तत्वावधान में कला उत्सव का आयोजन कल 28 नवंबर को शाम 6 बजे से शहीद स्मारक सभागार में किया गया है। नृत्यगुरु कामना नायक एवं अरुक्षा नायक ने बताया की कला उत्सव में भरतनाट्यम, कथक,ओड़सी विधा के एकल एवं सामूहिक नृत्य होंगे। फाइन आर्ट के कलाकारों के द्वारा बनाये चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। साथ ही वोकल म्यूजिक के कलाकारों द्वारा शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय शैली के गायन भी होंगे। शलभ नायक,अथर्व नायक एवं राजेश पाठक प्रवीण कलाप्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## 19-22 दिसम्बर को विराट 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**नवभारत,जबलपुर।** पुण्यसलिला माँ नर्मदा के तट पर 19 से 22 दिसम्बर 2025 तक 251 कुंडीय शक्तिसंवर्धन गायत्री महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। पत्रकार में गायत्री परिवार ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य व वंदनीया माताजी के सूक्ष्म संरक्षण तथा शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में होने वाला यह महायज्ञ आगामी वर्ष माताजी के जन्मशताब्दी वर्ष को समर्पित रहेगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण, सामाजिक कुरीतियों का उन्मूलन और वैदिक मूल्यों का पुनर्जागरण है। महायज्ञ में शांतिकुंज से पधारी वरिष्ठ आचार्यों की टोली विभिन्न संस्कार निःशुल्क संपन्न कराएगी। युगनिर्माण के सप्त-सूत्रीय कार्यक्रम—साधना, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन, नारी जागरण, व्यसन मुक्ति और पर्यावरण संवर्धन—की झांकियां भी प्रदर्शित होंगी। गायत्री परिवार की युवा इकाई दिया, प्रतिदिन रक्तदान शिविर संचालित करेगी, जिसका रक्त शासकीय अस्पतालों में जरूरतमंदों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। कार्यक्रम के विशेष क्रम में देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या 20 दिसंबर की शाम उत्कृष्ट विचारों का समुच्चय है भारतीय संस्कृति विषय पर उद्बोधन देंगे तथा स्मारिका का विमोचन करेंगे। 21 दिसंबर की शाम 11,000 दीपों का दीप महायज्ञ प्रमुख आकर्षण रहेगा, वहीं 22 दिसंबर को पूर्णाहुति और सामाजिक सुधार के विशेष संकल्प के साथ आयोजन संपन्न होगा। गायत्री परिवार ट्रस्ट, जबलपुर ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से इस दिव्य महायज्ञ में सहभागिता का आह्वान किया है।

वसूली अभियान — 16 संभागीय कार्यालयों में 1 लाख 32 हजार 9 सौ सम्पत्तियों से 110 करोड़ रुपये की राशि बकाया है

## 31 दिसंबर के बाद लगेगा 15 प्रतिशत अधिभार : निगमायुक्त





**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार एक आदेश जारी कर समस्त राजस्व अमले को निर्देश दिये हैं कि वसूली अभियान तेज करें। जानकारी के अनुसार 28 नवंबर से 24 दिसंबर तक सभी 16 संभागीय कार्यालयों के अंतर्गत आने वाले वार्डों में विशेष वसूली शिविरों का आयोजन किया जाएगा। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि आंकड़ों के अनुसार, 16 संभागीय कार्यालयों में कुल 1 लाख 32 हजार 9 सौ सम्पत्तियों से 110 करोड़ रुपये की बड़ी राशि बकाया है। निगम प्रशासन ने इस वसूली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिसका मुख्य लक्ष्य वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले इन बकायों को शून्य करना है। निगमायुक्त के अनुसार बकायादारों को वर्तमान में, 31 दिसंबर तक बकाया राशि पर 7 प्रतिशत का अधिभार लगाया गया है, जो 1 जनवरी, 2026 से अधिभार की दर को 8 प्रतिशत से बढ़ाकर सीधा 15 प्रतिशत कर दी जायेगी और 1 अप्रैल से बकाया संपत्तिकर राशि को दुगना कर दिया जाएगा। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सभी करदाताओं से अपील की है कि समय के पूर्व समस्त बकाया करों की राशि जमा कर शहर विकास में सहयोग करें और अधिभार तथा निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें। इसके साथ ही निगमायुक्त ने ये भी कहा कि शहर में निर्मित भवनों के एरियों की जांच दोबारा होगी और उसका उपयोग देखकर नए सिरे से करारोपण किया जाएगा।

### भजन-भक्ति का संगम, 32 भजनानंदियों का हुआ सम्मान

**नवभारत, जबलपुर।** भेड़ाघाट स्थित आर्य समाज भवन में नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति द्वारा शहर में संकीर्तन की अलख जगाने वाले 32 भजनानंदियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में हनुमान बाग पीठाधीश्वर बृजेश महाराज, हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज, पूर्व कमिश्नर वेद प्रकाश और डॉ. अल्केश चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।
सम्मानित भजनानंदियों में 87 वर्ष के वरिष्ठ से लेकर 12 वर्ष के बाल भजनानंदी तक शामिल रहे ।कार्यक्रम में डॉ. सुधीर अग्रवाल, सुषमा शंकर पटेल सहित कई सामाजिक हस्तियाँ उपस्थित रहीं। आगहन पूर्णिमा पर 469वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा 5 दिसंबर सुबह 8:30 बजे हरे कृष्णा आश्रम, भेड़ाघाट से संत-महात्माओं व संकीर्तन प्रभात फेरी के साथ प्रारंभ होगी।




### केंट विस में 52 प्रतिशत गणना पत्रकों का हुआ डिजिटाइलेशन

**नवभारत, जबलपुर।** केंट विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्य तेज़ गति से आगे बढ़ रहा है और अब तक 52 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। एसडीएम मोनिका बाघमारे, तहसीलदार जानकी उइके, एमआईसी सदस्य केवट और नायब तहसीलदार आदेश जैन के कुशल मार्गदर्शन में बीएलओ की टीम सभी वार्डों का डेटा एकत्रित करने में निरंतर जुटी हुई है। कठिन परिश्रम और बेहतर समन्वय के चलते निर्वाचन तैयारियों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है, जिससे आगामी चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न होने की उम्मीद बढ़ गई है।